Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI HANSRAJ BHARDWAJ: Sir, I move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

Discussion on working of the Ministry of Water Resources

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now we take up the discussion on the working of the Ministry of Water Resources. Shri Keshubhai Patel.

श्री केशुभाई सवदास भाई पटेल (गुजरात): माननीय उपसभापति महोदय, इस सदन में वॉटर रिसोर्सिज़ के ऊपर मैं अपने विचार रखना चाहता हूं सबसे पहले मैं यह बात कहूंगा कि हमें आजादी मिली, हमने आयोजन शुरू किए। 1950 से हम शुरू करें तो आज करीब 55-56 साल बीत गए हैं और 55-56 सालों के बाद हम इस हिन्दुस्तान के या भारत के गांवों और शहरों की ओर अगर नज़र डालें तो क्या दृश्य हमें देखने को मिलता है? खास करके बड़े शहर हों या टाउन्स, जिनको हम नगर कहते हैं.. ऐसे नगर हों या बड़े शहर हों, ऊपर जब हम नज़र डालते हैं, तो वहां जनसंख्या की वृद्धि बड़ी तेज़ी से हो रही है। जनसंख्या में जो वृद्धि हो रही है, उसमें भी यदि गौर से देखा जाए तो गंदी बस्तियों और झोंपड़-पट्टीयों की संख्या तो शहर में और तेज़ी से बढ़ रही है। मैं बहुत दुख के साथ कहता हूं कि ये झोपड़-पट्टियां पहले नहीं थीं, अब बन गईं। ये गंदी बस्तियां पहले नहीं थीं, अब बन गईं। इनमें बसने वाले लोगों से जाकर यदि आप पूछें कि भाई, तुम यहां झोपड़-पट्टियों में कब से रह रहे हो, तो कोई कहेगा कि दो साल से हूं, कोई कहेगा कि पांच साल से हूं, कोई कहेगा कि आठ-दस साल से हूं कोई पुराना होगा तो पंद्रह-बीस साल की बात करेगा, कोई बहुत ही पुराना होगा तो पच्चीस-तीस साल से होगा। यानी करीब तीस साल से लेकर आज तक, इस बीच के काल में नगरों में और बड़े नगरों में बहुत तेज़ी से लोग बाहर से आए। कौन हैं वे लोग? कहां से आए हैं वे? वे हैं ग्रामों में बसने वाले लोग। वे क्या करते थे? वे खेत-मज़दूर थे, छोटे किसान थे या मार्जिनल किसान थे। वे क्यों आए यह सब छोड़कर, इन गंदी बस्तियों या इन झोंपड़-पट्टियों में रहने के लिए? क्योंकि वहां रोज़गार नहीं है। वे कहते हैं कि हम लोग खाएं कहां से? जब रोज़गार नहीं है तो खाने के लिए कुछ तो चाहिए। हम तो मेहनतकश लोग हैं। मेहनत करनी है तो फिर शहरों की ओर दौड़ते हैं। एक सर्वे ने बताया है कि गंदी बस्तियों में लोग कम आयु में मर जाते हैं, यानी कम से कम आयु किस क्षेत्र में है? तो वह शहरी क्षेत्र में नहीं है क्योंकि वहां अच्छा वातावरण नहीं हो सकता, ग्रामीण क्षेत्र में भी नहीं है, आदिवासी क्षेत्र में भी नहीं है। कम से कम आयु वाले हैं गंदी बस्तियों में। कितनी मजबूरी है, मर जाते हैं। कीचड़

में कोई कीड़ा पैदा होता है और चालीस-पचास-साठ साल में वह कीचड़ में ही मर जाता है। क्यों आए तुम वहां से? क्योंकि रोज़गार नहीं है। रोज़गार क्यों नहीं हे? ज़मीन तो है तुम्हारी वहां पर? ज़मीन तो है, लेकिन ज़मीन में पानी नहीं है। हमारे पास पानी नहीं है, इरिगेशन के लिए पानी नहीं है, पीने के लिए भी पानी नहीं हैं।

आज तीस साल के बाद हमारी यह हालत है। हम कहीं पर भी देखें, दक्षिण के शहरों में देखें, उत्तर शहरों में देखें, पश्चिम या पूर्व के शहरों में देखें, आदिवासी क्षेत्र के अंदर भी जो शहर हैं, वहां देखें और पहाड़ी क्षेत्रों के शहरों में भी देखें, यही दृश्य सर्वत्र, हमें पूरे देश में देखने को मिलेगा। आज आदमी पानी के लिए तरसता है। पानी के लिए शहरों में बड़ा दंगल हो रहा है, दिल्ली में भी हो रहा है। टैंकर से पानी मिलता है। पानी टैंकर से बेचा जाता है। आज ऐसे हालत के दृश्य हम देख रहे हैं।

माननीय उपसभापति जी, हम सब लोग दुखी हैं। हमें उसका उपाय ढूंढना पड़ेगा। यदि पहले से ही सही नीति तय की होती तो ये हालात नहीं होते। ऐसा तो नहीं है कि बरसात पहले आती थी, अब नहीं आती। पहले भी बरसात आती थी, आज भी बारिश होती है। कभी-कभी सूखा भी पड़ जाता है और कभी-कभी ज्यादा बारिश भी होती है। प्रकृति तो हमको बारिश देती है, पानी देती है, लेकिन इस पानी को धरती पर रोक देना, डैम बनाकर, अलग-अलग उपायों से पानी को रोकना, पूरे के पूरे पानी को रोकना, इस परिस्थिति का निपटारा करने का यही उपाय है। महोदय, क्या मैं बैठ जाऊं। इतनी देर तक खड़ा रहा, लेकिन अब खड़ा नहीं रहा जाता।

श्री उपसभापति: आप बैठ जाइए, बैठकर बोलिए।

श्री केशुभाई सवदास भाई पटेल: माननीय उपसभापति जी, पानी है, लेकिन पूरे पानी का उपयोग हम लोगों ने नहीं किया है। मैं एक ही बात कहूंगा कि आज हम जिस बजट की चर्चा करने जा रहे हैं, हम वाटर रिर्सोसेज के ऊपर विचार कर रहे हैं।

[उपसभाध्यक्ष (श्री संतोष बागड़ोदिया) पीठासीन हुए]

यदि इस बजट पर नजर डाली जाए तो कुल मिलाकर अपना एक साल का केन्द्रीय बजट कितने रूपए का है, यह 2,11,524 करोड़ का है। वाटर रिर्सोसेज के ऊपर आंकड़ा कहता है कुल बजट रखा हुआ है, 624 करोड़ रूपया, तो आप कहेंगे कि यह तो राज्यों का सब्जैक्ट है। हम राज्यों का सब्जैक्ट कहकर, अपनी जिम्मेदारी टाल सकते हैं, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि कितने ही डिपार्टमेंट हैं, जो सब्जैक्ट राज्यों का होता है, लेकिन हम इसके ऊपर ज्यादा पैसा, ज्यादा खर्च कर रहे हैं, लेकिन 2,11,524 करोड़ रुपए के कुल खर्चे में से 621 करोड़ रुपया, और कोई कहेंगे कि कर्जा दिलवाएंगे, हां कर्जा दिलवाते हैं, राज्यों का विश्व बैंक के जरिए, एशियन डेवलपमेंट बैंक के जरिए, जो अपनी संस्थाएं हैं, उनके जरिए.....।

वह पैसा मिलता है, लेकिन राज्यों के ऊपर बोझ कितना है, प्रदेशों के ऊपर कितना बोझ है, यह स्थिति हम मिटा नहीं पाएंगे। जो हो गया सो हो गया, अब इसे रोकना है। गांव वाले जो पलायन करते हैं, अगर उन्हें रोकना हैं तो वहां पानी देना पड़ेगा। यह हो सकता है, मैं कहता हूं कि यह हो सकता है। हमारे देश में इतना पानी है, लेकिन उसका सुचारू रूप से उपयोग करना चाहिए। मैं एक के बाद एक प्वाइंट ले रहा हूं। आज की परिस्थिति राष्ट्र के विकास के लिए उपयुक्त नहीं है। इससे पेयजल, सिंचाई, उद्योग के लिए पानी की उपलब्धि कम हो रही है। यदि ऐसी स्थिति बनी रही तो विकास की संभावनाएं और कम हो जाएंगी। जब हर व्यक्ति को प्रतिवर्ष मिलने वाला जल एक हजार क्यूबिक मीटर से कम हो जाता है तब उसका विकास भी रुक जाता है। मैं कुछ आंकड़े देना चाहूंगा। विश्व की जो पॉप्युलेशन है, उसके हिसाब से 16 प्रतिशत पॉप्युलेशन भारत की है।

[उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश त्रिवेदी) पीठासीन हुए]

विश्व में जो टोटल पानी है, उसका 4 प्रतिशत पानी हमारे पास है। देखिए, दुनिया के कम्पेरिजन में हम कहां पर हैं, मैं यह बताने की कोशिश कर रहा हूं। मैं कहना चाहता हूं कि आज स्थिति ऐसी है कि पानी तो है, लेकिन कहां है? गंगा नदी के बेसिन में, ब्रह्मपुत्र नदी के बेसिन में, मेघना नदी के बेसिन में है। देश की पॉप्युलेशन इस बेसिन के आसपास 1/3 है, इनके पास पानी 2/3 है। बाकी इस क्षेत्र को छोड़कर जो पूरा देश है, वह 2/3 है। इनके पास जमीन 2/3 है लेकिन पानी 1/3 है। यह बात सोचकर एन॰डी॰ए॰ की सरकार ने रीवर जोड़ने का, नदियों को एक-दूसरे से जोड़ने का कार्यक्रम बनाया। यह कार्यक्रम आगे चला, तीन साल तक चला। मैं बजट देख रहा था तो मुझे बहुत दुख हुआ। इसमें मैंने देखा कि इस साल के बजट प्रवचन में, डॉक्यूमेंट में जितना बल इस पर देना चाहिए, उतना बल यू॰पी॰ए॰ सरकार ने नहीं दिया है। यह बड़े दुख की बात है। क्या इसके पीछे राजनीतिक कारण है? क्या कोई व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का प्रश्न है? मैंने आंकड़े दिए हैं। इन आंकड़ों को देखकर कोई भी कह सकता है कि 2/3 वाला क्षेत्र, जहां बाढ़ आती है। जिन क्षेत्रों में बाढ़ से फसल चौपट हो जाती है, उनको बचाना है तो इस पानी को नीचे ले जाना पड़ेगा, देश के मध्य भाग में ले जाना पड़ेगा, पश्चिमी भाग में ले जाना पड़ेगा, दक्षिणी भाग में भी ले जाना पड़ेगा। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों में नदियों को जोड़ना पड़ेगा। इस कार्यक्रम को एन॰डी॰ए॰ सरकार ने बहुत तेजी से आगे बढ़ाया था लेकिन मैंने कहा कि इस प्रकार की जो स्थिति है, मेरा अनुरोध है कि इसको राजनीति की दृष्टि से न देखा जाए। मैंने पूर्व भूमिका में वर्णन किया है कि एक-एक बूंद के लिए आज स्थिति कठिन हो गई है। ऐसी स्थिति में जहां पानी पड़ा हुआ है, उसका सही उपयोग किसी ने भी किया हो, वह राष्ट्र की प्रगति के लिए है और उसको आगे बढ़ाना चाहिए।

महोदय, मैं बड़ी बात नहीं करना चाहता हूं लेकिन 1975 में जब मैं गुजरात में पहली दफा मिनिस्टर बना, तो मेरे पास एग्रीकल्चर और इरिगेशन डिपार्टमेंट था। मैंने सोचा कि मैं आज मिनिस्टर बना हूं, लेकिन मुझसे पहले जो मिनिस्टर थे, वे कांग्रेस के थे, वे आज भी हैं, उनका नाम

गोवर्धन भाई पटेल है। मैंने बड़े सम्मान से उनको अपने ऑफिस में बुलाया और उनसे पूछा कि गोवर्धन भाई, आप अभी एग्रीकल्चर मिनिस्टर नहीं हैं, मैं हूं, बदलाव आ गया है, लेकिन मैंने इसलिए आपको बुलाया है कि क्या कोई योजना आपके दिमाग में है जो आपने शुरू की है, यदि ऐसी कोई चीज हो तो मुझे बताइए, मैं उसको आगे बढ़ाऊंगा। मेरा कहना यह है कि एन०डी०ए० सरकार ने किया है, इसलिए यू०पी०ए० सरकार उसको न करे, यह ठीक नहीं है। यदि कर दिया है तो बताइए कि एक साल में कितना आगे बढ़ाया है? अगर एक समिति बिखर गई है तो दूसरी समिति एपाइंट करो। एक-एक दिन उस पर काम करने की जरूरत है। इसलिए मैं जल संसाधन मंत्री जी से, मुंशी जी से निवेदन करता हूं कि इसको ऊपर गौर से विचार कीजिए और इस सदन में अपना ब्यौरा जल्दी से जल्दी पेश कीजिए जिससे क्षमता-कुक्षमता का वातावरण मिट जाए। ऐसे बहुत से प्रदेश हैं जहां हर 2 साल के बाद सूखा आता है, इनमें गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। वहां पानी पहुंचाना है, गांवों में किसानों के खेत में पानी पहुंचाना बड़ा कठिन काम है लेकिन इसे करना पड़ेगा। इसको करने के लिए हमें आगे बढ़ना पड़ेगा। मैंने कहा कि एक हजार क्यूबिक मीटर से यदि पानी कम हो तो उसको वॉटर स्ट्रैस एरिया कहा जाता है। मैं कहूंगा कि हमारे गुजरात में वर्ष 2000 में सौराष्ट्र और उत्तर गुजरात में 274 क्यूबिक मीटर और कच्छ में 432 क्यूबिक मीटर पानी की आपूर्ति हुई है। हम नर्मदा योजना, सरदार सरोवर डैम के लिए आग्रह कर रहे हैं, लेकिन इस डैम वर्क को बनाने में इतने रोड़े डाले गए, इतने रोड़े डाले गए, जितने किसी भी डैम के ऊपर रोड़े नहीं डाले गए। सूखा पीड़ितों के लिए यह पानी जाने वाला है, लेकिन रोड़े डालने वाले नहीं सोच रहे हैं, वे विस्थापितों की बात करते हैं। मैं प्रश्न उठाता हूं कि विस्थापितों की बात करनी चाहिए, लेकिन जो एक परमानेंट सूखाग्रस्त क्षेत्र हैं, वहां जो लोग रहते हैं, क्या वे विस्थापितों से कम जिन्दगी जीते हैं? वे भी विस्थापित हैं। एक का घर उजड़ जाता है, दूसरे का घर है ही नहीं। मेरा यह मानना है कि टिहरी डैम जैसा बहुद्देश्य वाला डैम, सरदार सरोवर डैम, नर्मदा डैम जैसा बहुद्देश्य वाला डैम, उसके ऊपर ही इतना आंदोलन क्यों होता है? क्या देश की प्रगति के लिए रोक लगाने की किसी की साजिश है? यदि हमारे पास भाखड़ा-नांगल नहीं होता तो आज भी हम राशन की लाइन में खड़े होते। देश में बड़े बांध बनें, भाखड़ा नांगल जैसे बांध बनें और आज राशन की लाइनें कम हो गई हैं। यह सिलसिला चालू रहना चाहिए---बड़े डैम बांधने का, मध्यम कक्षा के डैम बांधने का, छोटे डैम बांधने का, माइक्रो डैम बांधने का। मेरा कहना यह है कि बीच के समय में, पहली पंचवर्षीय योजना, दूसरी पंचवर्षीय योजना में पूरी राशि इस जल संसाधन डिपार्टमैंट को दी गई थी, आज बहुत कम राशि दी जा रही है। तो फिर हम पहुंचेंगे कैसे? मैंने उल्लेख किया वाटर ग्रिड का, नदियों को जोड़ने का, वहां से कितना पानी मिलने वाला है, जो 25 मिलियन हैक्टेयर ज्यादा पानी है, जो दूसरी जगह पर जाएगा, 25 लाख नहीं, 25 मिलियन हैक्टेयर एक अंदाज है, इससे जो सिंचाई होगी, उनमें से जो पानी जमीन में जाएगा, उससे पानी मिलने वाला है और दूसरा 10 मिलियन ज्यादा पानी है, पानी का उपयोग करना चाहिए। मैं कोई

आरोप नहीं लगाना चाहता, लेकिन यह कहना चाहता हूं कि हम सबको मिल कर आगे बढ़ना पड़ेगा। यह पानी की आज की जो स्थिति है, उसमें बहुत कुछ करना बाकी है, यह हम लोग करें। आने वाली जो पीढ़ी है, उनके लिए भी हम दे जाएं और आज की जो स्थिति है, उसमें भी सुधार लाएं। एक छोटी सी बात, गुजरात का समुद्री किनारा, पूरे देश के समुद्र का किनारा देख लीजिए। तो समुद्र के किनारे वाली जमीन में खारा पानी घुस जाता है और जमीन को बिगाड़ देता है। उपसभाध्यक्ष महोदय, पूरे देश का जो समुद्र का किनारा है, उसमें से एक-तिहाई भाग गुजरात का है। इस कारण वहां पीने के पानी की बहुत कड़ी तकलीफ है। पिछले साल हमारे फाइनेंस मिनिस्टर माननीय चिदम्बरम जी ने जो वक्तव्य दिया, उसमें उन्होंने आंध्र और चेन्नई के लिए 1 हजार करोड़ रुपए की राशि समुद्र के खारे पानी को मीठा कर लोगों को देने के लिए तय की। मैं कहना चाहता हूं कि उस तरह से गुजरात के लिए एक पैसा भी नहीं मिला। अब ऐसे और भी प्रदेश होंगे। आप खासकर चेन्नई के लिए दो, उसकी जरूरत है, मैं उसका विरोध नहीं करता, लेकिन कहना चाहता हूं कि वहां गुजरात जैसे और क्षेत्रों के साथ यह अन्याय क्यों? उपसभाध्यक्ष महोदय, यह नहीं होना चाहिए। अगर हम ऐसी पानी की कमी को नहीं मिटाएंगे तो आने वाले दिनों में, पीएल 480 की तरह का अनाज और जो मदद हमें बाहर से मिलता थी और राशन की लाइनें बनती थीं, वे फिर से न आ जाएं, इसकी चिंता हमें करनी पड़ेगी।

महोदय, इस साल का जो आर्थिक सर्वेक्षण हमारे सामने रखा गया है, वह हमारी आंख खोलता है। उसमें कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर डेढ़ परसेंट है। अब अगर कृषि वृद्धि की दर यह रहेगी तो आने वाले दिनों में स्थिति क्या हो सकती है, इसका अंदाजा हम लगा सकते हैं। महोदय, भूख से पीड़ित जनता अपनी स्वाधीनता की रक्षा नहीं कर पाती। इसका महत्व बहुत है। मैं कहना चाहूंगा कि अगर भारत को आर्थिक महा-सत्ता बनना है तो हमारा काम सिर्फ बड़े-बड़े उद्योगों से चलने वाला नहीं है। इसके लिए हमें करोड़ों की संख्या में देश में हर क्षेत्र में बिखरे हुए ग्रामीण किसान, मजदूर और छोटे किसानों के हाथों में हथियार देना चाहिए और वह हथियार है पानी और बिजली। फिर वह किसान, मजदूर पैदावारी कर लेगा, लेकिन उसे वह हथियार देने के लिए सरकार को आगे आना पड़ेगा। अगर इसके लिए हम कहें कि यह राज्यों का विषय है तो इस से बात बनने वाली नहीं है। हां, यह राज्यों का विषय जरूर है लेकिन हमें उनको ज्यादा-से-ज्यादा सहायता देनी पड़ेगी। महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि AIBP (Accelerated Irrigation Benefit Programme) के तहत जो मदद राज्यों को मिलती है, उसमें त्वरित लाभ देते हुए एन॰डी॰ए॰ सरकार ने वर्ष 2004 की मंत्रिमंडल की एक बैठक में अच्छा निर्णय लिया। उन्होंने देश को इसके लिए दो क्षेत्रों में बांटा—एक पहाड़ी क्षेत्र व छोटे राज्य और उत्तर पूर्व के प्रदेश। उसमें बड़ी और मध्यम कद की योजना के लिए 90 प्रतिशत ग्रांट व 10 परसेंट लोन रखा गया और शेष पूरा देश सामान्य श्रेणी में। उसमें 30 परसेंट ग्रांट और 70 परसेंट लोन। मैं मुंशी जी को कहूंगा कि उसमें सुधार की बहुत गुंजाइश है। इस देश का जो सूखाग्रस्त

क्षेत्र हैं, इस क्षेत्र को इसमें पहली श्रेणी में शामिल करें, प्रदेश कोई भी हो। तो उसमें पहली श्रेणी में शामिल कर इस राज्य को 90 परसेंट ग्रांट और 10 परसेंट लोन मिलनी चाहिए। उसको 30-70 में मत डालिए। आदिवासी और कमजोर क्षेत्र हैं, उसको भी इस श्रेणी में डालें, तब जाकर सार्वजनिक सार्वत्रिक रूप से हममें से किसी को न लगे कि हमारे साथ अन्याय हुआ है, यह परिस्थिति हम कर पाएंगे, माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आर्टिफिशियल रिचार्ज भी करने की आवश्यकता है। मैं कहूंगा कि हमने गुजरात में यह किया है। गुजरात में हम लोगों ने प्रयोग नहीं, यह करके दिखाया है, लेकिन पानी समुद्र में बह जाता है, उसको कैसे रोका जाए? उसने जन-आन्दोलन का रूप ले लिया। 60 परसेंट राज्य सरकार की ओर से, 40 परसेंट प्रजा की, आर्थिक 100 परसेंट राशि मिल जाए और 40-60 परसेंट में, आपको ताज्जुब होगा कि दो साल में गुजरात में 44 हजार चैक डैम बना लिए गए। नदी के ऊपर छोटे-छोटे चैक डैम, पक्का डैम, छोटा डैम, उसको हम चैक डैम कहते हैं और 6000 गांवों के तालाब को desilting करवाए। किसके जरिए? सरकार, अकेली नहीं। हमने पंचायत के द्वारा एक बनी हुई समिति को पैसा दे दिया। लोगों ने इकट्ठे होकर अपने हाथों से, अपनी देख-भाल में, अपनी देख-रेख में यह डैम बनाया। यह डैम डेढ़ लाख का होता है, दो लाख का भी होता है, 44 हजार बना लिए। जैसे आन्दोलन होता है, ऐसे जन-आन्दोलन खड़ा हो गया। हमारे गुजरात के जो धर्म-पुरूष हैं, उन्होंने यह बात उठा ली। अपनी कथाओं में कहने लगे कि यह धर्म-कार्य है, यह करो। पानी का संचय धर्म-कार्य है। लोग लग गए। मेरा यह कहना है कि लोगों को प्रोत्साहित किया जाए तो लोग क्या नहीं कर सकते? एक एकड़ जमीन लेनी हो तो एक्वायर करने में कितनी तकलीफें होती हैं? गुजरात में हम लोगों ने पीने के पानी के लिए सात सौ किलो मीटर लम्बाई की, 4 x 4 मीटर की, पाईप लाईन 9 महीने में डाल दी। लोगों ने सहकार दिया। कोई कोर्ट में नहीं गये। कोई आदमी कोर्ट में नहीं गया। वातावरण बनाना चाहिए। ऐसा वातावरण बनाने से यह हो सकता है। मेरा अनुरोध है कि पूरे देश में यह वातावरण बनाया जाए पूरे भारत में अकालग्रस्त क्षेत्र बहुत हैं, वहां चैकडैम बनाएं, अनुश्रवण तालाब बनाएं और छोटे-मोटे दूसरे तरीके से तालाब बनाएं। इसमें लोगों का सहकार भी हो और लोगों के सहकार के जरिए हम आगे बढ़ें। इसमें सभी लोगों के साथ की बहुत आवश्यकता है, उनका सहकार एक महत्व रखता है।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं इस सभागृह के जरिए मंत्री जी का और सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि जो डैम से पानी छोड़ा जाता है और जो खेत में पहुंचता है, वह डैम का पानी हण्ड्रेड परसेंट खेत में पहुंचे। यह पानी किसके लिए छोड़ते हैं हम लोग? इसलिए कि वहां अनाज का पौधा लगाते हैं। लेकिन, जो अनाज का पौधा है, उसके लिए एक सीजन में कितना पानी चाहिए? हम जो टोटल पानी हण्ड्रेड परसेंट छोड़ते हैं, उसका फाइव परसेंट वहां पहुंचता है और 95 परसेंट पानी या तो जमीन में चला जाता है या बाहर निकल जाता है, इवोपेरेशन होता है, वाष्पीकरण होता है। सिर्फ पांच या छह परसेंट पानी ही पौधा लेता है। उनके लिए दूर-दूर से, 50 किलोमीटर दूर

से, 100 किलोमीटर दूर से पानी तो हम लाएंगे, लेकिन जब वह खेत में जाएगा तो वहां उसका ज्यादा बिगाड़ होता है। यदि कच्ची कैनाल है, तो कैनाल में बिगाड़ होता है। एक अंदाजा यह है कि 30 से 40 परसेंट पानी को बचाया जा सकता है, अगर इसके लिए कोई कार्य-योजना बनाई जाये और वाटर रिसोर्सेज डिपार्टमेंट इसके लिए राज्यों को प्रेरित करे, उनके लिए फंड अवेलेबल कराए। स्प्रिंकल के जरिए, ड्रिपएरीगेशन के जरिए यह सब हो सकता है। मैंने एक अंदाजे के लिए अपने टैक्नीकल आदमियों से पूछा कि भाई, एक हैक्टेयर जमीन में यदि सिंचाई करनी हो तो कुल मिलाकर कितना रुपया लगेगा, डैम बनेगा, कैनाल निकलेगी, नालियां निकलेंगी, सब कुछ होगा? तो मुझे बताया गया कि दो लाख रुपए। एक हैक्टेयर में इसके लिए दो लाख रुपया लगता है। एक डैम बन गया और कैनाल आगे बढ़ानी है तो एक हैक्टेयर पर पचास हजार रुपया लगता है और चैकडैम और अनुश्रवण तालाब का पानी जो जमीन में जाता है, कुएं से लोग पंपिंग करके निकाल लेते हैं, उसमें एक हैक्टेयर पर सिर्फ पच्चीस हजार रुपए लगता है। मैं समझता हूं कि यह भी हमको करना पड़ेगा। बड़े डैम, मध्यम डैम के लिए भी करना पड़ेगा और छोटे-छोटे डैमों, चैकडैम, जैसे छोटे जो माइक्रो डैम हैं, उनका जाल बिछाना पड़ेगा और तब जाकर पानी रुकेगा। मैंने जैसा कहा कि झोपड़-पट्टी में लोग जाने के लिए रोज-रोज लाखों की तादाद में लोग इधर आते हैं, उनको रोकना पड़ेगा क्योंकि शहरों में समस्या पैदा होती है। इसको यदि रोकना है तो पानी की उपलब्धि सर्वोच्च उपाय है। पानी अपने पास जितना है, उसको हम पूरी तरह से उपयोग में लाएं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी को मैं एक बहुत ही महत्व की योजना के बारे में बताना चाहूंगा। आपने गुजरात देखा होगा, वहां एक तरफ कच्छ है और दूसरी तरफ कंबात, जिसको गल्फ ऑफ केम्बे कहते हैं। इस गल्फ ऑफ केम्बे में नर्मदा का पानी आता है 'गल्फ ऑफ कैम्बे' में 'माही' नदी का पानी आता है, 'गल्फ ऑफ कैम्बे' में 'साबरमती' नदी का पानी आता है, यदि उसको बांधा जाए सिर्फ 28 किलोमीटर, मैंने नीदरलैंड में देखा है, वहां उन्होंने समुद्र को बांधा है, ऐसे ही यदि यहां बांधा जाए तो मीठा पानी मिल जाएगा। कितना मिलेगा? 45 लाख एकड़ में सिंचाई होगी, इतना पानी मिल सकता है। उससे 6 हजार मैगावाट बिजली पैदा हो सकती है, वेव्स से, समुद्र की भरती वेव्स से। उससे सौराष्ट्र और गुजरात का जो डिस्टेंस है, वह 200 किलोमीटर कम हो जाता है। यह एक बड़ी योजना है इस कल्पतर योजना को केन्द्र सरकार उठाए, राज्य सरकार इतना पैसा खर्च नहीं कर पाएगी। वर्ष 2000 में उसका इस योजना पर अंदाजा था 54 हजार करोड़ का, वह योजना अभी तक विलंबित पड़ी है, उसका सारा अन्वेषण हो चुका है, लेकिन वह पड़ी है। इसे आप राष्ट्र के उपयोग में लाइए। इसको करने की आवश्यकता है।

अंत में मैं ज्यादा कुछ तो नहीं कहूंगा, लेकिन अपने कुछ सुझाव आपको बताना चाहूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश त्रिवेदी) : केशुभाई जी, मैं आपको डिस्टर्ब नहीं करना चाहता, लेकिन आपके पास सिर्फ पांच मिनट का समय रह गया है।

श्री केशुभाई सवदास भाई पटेल: मैं केवल सुझाव देकर अपनी बात समाप्त करूंगा।

1. ए॰आई॰बी॰पी॰ का लाभ सूखा प्रभावित क्षेत्र व डार्क जोन सेलिनिटी इन्ग्रेस, कमजोर वर्ग का क्षेत्र और आदिवासी क्षेत्र को विशेष श्रेणी में दाखिल करके 10-90 की श्रेणी में रखना चाहिए और इनके लिए आर्थिक प्रावधान केन्द्र सरकार को करना चाहिए।

2. ए॰आई॰बी॰पी॰ में छोटी योजना दाखिल करनी चाहिए। आज छोटी योजना ए॰आई॰बी॰पी॰ में नहीं है। छोटी योजना दाखिल करके सामान्य श्रेणी का लाभ उनको देना चाहिए। आज सिर्फ बड़ी और मध्यम योजना को ही लाभ मिलता है।

3. इंटरलिंकिंग रिवर प्रोजेक्ट, यह एनडीए की सरकार ने कार्यक्रम बनाया था, यूपीए सरकार ने इस कार्यक्रम को कितना आगे बढ़ाया है और आने वाले सालों में वे समयबद्ध इस बारे में क्या करना चाहते हैं, इसका ब्यौरा इस सभा के समक्ष रखा जाए।

4. ऐसे क्षेत्र, जहां आदिवासी और समाज के कमजोर वर्ग रहते हैं, वहां विशेष तौर पर योजनाओं का पता लगाया जाना चाहिए और पता लगाकर उन्हें लागू किया जाना चाहिए।

5. जल संसाधनों की देख-रेख तथा आधुनिकीकरण की अत्यंत आवश्यकता है।

6. अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956 का पुन: अवलोकन किया जाना चाहिए तथा इसे सुधारकर जल विवादों पर जल प्राधिकरण द्वारा समय पर फैसला देने की आवश्यकता है।

7. चैक डैम, अनुश्रवण तालाब, छोटे और बड़े तालाब लाखों की संख्या में बनने चाहिए।

8. स्प्रिंकलर और ड्रिप इरिगेशन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिलना चाहिए।

9. गुजरात की कल्पसर जैसी बड़ी योजना को अकेले गुजरात सरकार कभी भी पूरा नहीं कर सकेगी। इस योजना में केन्द्र की खास मदद मिलनी चाहिए या केन्द्र को इस योजना का अमल अपने ऊपर लेना चाहिए।

10. पानी का सुचारू रूप से वितरण करने के लिए किसान कोआपरेटिव सोसाइटी, मैंने अपने प्रवचन में इसे डिटेल में नहीं लिया, लेकिन पानी का सुचारू रूप से वितरण करने के लिए किसान कोआपरेटिव सोसाइटी बड़े पैमाने पर बननी चाहिए।

इन सोसाइटीज़ के सुधार, उनके व्यवस्थापन के लिए फॉरमर्स पार्टिसिपेटरी इरिगेशन एक्ट, मैं फिर से दोहराना चाहूंगा कि फॉरमर्स पार्टिसिपेटरी इरिगेशन एक्ट हर प्रदेश में बनाने के लिए, केन्द्र को राज्य सरकारों से आग्रह करके, इसके लिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए। इन शब्दों के साथ, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, धन्यवाद।

DR. T. SUBBARAMI REDDY (Andhra Pradesh): Sir, I am very happy to hear the speech made by my respected friend, Shri Keshubhai Patel. He said that the issue of water should not be politicised and no politics should be played. He also said that we are all one. I welcome it. This is a national problem. Every political party has to see that the problem of water scarcity is solved. We are all one in this. At the same time, he wanted to know from the Minister as to what is the speed of progress in regard to the solution to the problem of water scarcity. Of course, the Minister will reply to this point.

In our country, we have great rivers like the Ganga, the Brahmaputra, the Narmada, the Cauvery, the Krishna, the Godavari and so many other rivers. But here what happens is, in one part of the country people are suffering from floods and in other part of the country people are suffering from droughts. Ours is a vast nation with a very peculiar geological system. The law of nature is such that at some places the people are dying due to drought conditions and at some other places people are suffering miserably due to devastating floods. What is the solution to this problem? This issue is being debated for the last so many decades. We must remember that our country is totally dependent on agriculture. Crores of people living in the rural areas are dependent only on agriculture. If we compare ourselves with China, what is the position? China has accepted that so far as agriculture production is concerned, India is number one. We have so much of agriculture production in the country. China is giving top priority to agriculture production. They have been giving top priority to water resources, irrigation and dams along with industrialisation. In our country, when we are moving towards industrialisation, we must see that every acre of land is cultivated with water and water is made available.

So far as drinking water is concerned, today people are taking out underground water and using it as drinking water. There are a lot of deficiencies in the underground water. This water is not fit for drinking. Once we are able to solve this problem by having dams and canals throughout the country, we will be able to give best drinking water to the common people.

[THE VICE CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA) in the Chair]

Why are we still lagging behind even after 57 years of Independence? What is the solution to this problem? Where do we stand? That is the most important thing to bear in mind. Today, when we are debating this

issue, it is not for fighting with each other, it is to exchange our views. The ultimate motivation of every citizen of the country and every Member of this House should be how to solve this problem.Even though we have been listening for decades that we must link the rivers from north to south, but it has not taken any shape. There is a scheme for linking 30 rivers. Perhaps, if you take up the scheme of linking 30 rivers all over India, Rs. 330 lakh crores are needed. Imagine, Sir, we need Rs. 330 lakh crores! Looking at this figure, everybody is afraid, and nobody gets anything. The present Government as well as the previous Government have done a lot of exercise on this. Now, the latest position is that they want to take up linking of six to eight rivers. One view is that the estimate would be Rs. 3,40,000 crores, and the other view is that it would be as high as Rs. 5,00,000crores. Anyway, even if we take an average of it, and say that if Rs. 4,00,000 crores are spent and we achieve the linking of say, eight rivers, in 10 years, then, the national water problem can be solved to some extent. For that, annually, you need about Rs. 40,000 crores. It may sound to be a big figure. But there are so many agencies which are willing to assist us in this. People are prepared to invest and Build, Operate and Transfer. Similarly, in irrigation projects as well, there are countries in the world and entrepreneurs in the nation who are prepared to come and undertake to Build, Operate and Transfer. Similarly, international organisations like the World Bank and the Asian Development Bank—probably, India is the only country which is able to take maximum benefit from the World Bank—are also eager to provide funds. But the fact is that we are not really able to take maximum benefit because of red tapism, lack of communication and various other delays. Therefore, we can solve the problem of funding by providing Rs. 40,000 crores every year in our national Budget. Sir, today, the position is that the commercial banks have surplus funds. They are coming forward to lend money with nil interest. Besides international organistions, we also have other organisations like the LIC, GIC, which are also prepared, on the guarantee of the Government, to provide financial assistance. Therefore, I am bringing to the notice of the hon. Minister, Dasmunshiji, that he must work out with the Finance Ministry and have revision of the Plan Outlay in the national Budget. A very small amount of money has been allocated for the Ministry of Water Resources in the Budget, and this sends an absolutely wrong message to everybody. How can we then solve the problem?

Then, Sir, besides the Central Government, it is the duty and responsibility of the State Governments also to take suitable measures to solve this problem. Every State has got its own policy. Some States want mass industrialisation; some States want to concentrate on agriculture. Now, for example, you take the case of Andhra Pradesh. The present Government is giving its topmost priority to agriculture sector. It has been found that ultimately it is the farmers and success in agricultural productivity which would go a long way in solving our problems. So, besides our interests in massive industrialisation, encouraging modern technologies, software and everything, we do want to concentrate amply in irrigation system. For instance, in Andhra Pradesh, we have got 2,840 TMCs of water—1 TMC is equivalent to 10,000 acres—allocated by that system. Besides this, 2000 TMCs of water, which is surplus, go waste in the form of floods in rains, which means we have got 4,840 TMCs of water which is available. But we are hardly using 1,700 TMCs of water in the present system. I am very happy that at least Andhra Pradesh has become a bold State by coming out with a Plan that it would be spending Rs. 46,000 crores in five years under this project. Of course, some people have their own doubts as to how it is possible. Yes; it is true. For instance, they are investing Rs. 46,000 crores, and if they are able to spend on 26 irrigation projects, then, in five years, every acre of land in Andhra Pradesh would have sufficient water available for it.

Water will be available everywhere in Andhra Pradesh in the next five years. As of today, water for irrigation is available only for 17 lakh acres of land in Andhra Pradesh. We are going to make it available for a minimum of 65 to 80 lakh acres of land in the next five years.

So far as the Budget allocation is concerned, the UPA Government is totally committed to irrigation and agricultural production which, we feel, has a major role to play in the development of our economy and in helping our farmers. The hon. Prime Minister gave full support when he visited the State of Andhra Pradesh. He said, "The Centre will give any amount you want for increasing the agricultural productivity to help the nation and, particularly, the State of Andhra Pradesh". Similarly, the UPA Chairperson, Shrimati Sonia Gandhi, is also prepared to give full support, as the Common Minimum Programme is committed to provide irrigation facility to one crore acres of land in these five years. I will give you a small example of the provision for irrigation in the 2004-05 Budget, as compared to what was

given by the previous Government. Perhaps, there were other good things. I am not criticising. But I am giving only factual information. I was told that Rs. 1640 crores were allotted for irrigation. When our Government came in, it gave Rs. 3440 crores in 2004-05. In the present Budget, our Chief Minister has provided Rs. 7400 crores. in the next Budget, he is proposing to give Rs. 10,000 crores. So, where there is a will there is a way. We are going to prove that it is possible to make available Rs. 7400 crores by raising money through institutions like LIC, GIC, the Austrian Government, ADB and the World Bank. These institutions are prepared to give once they are convinced that every rupee is going to be spent for the purpose, and not just for image-making, and once they know that it is a long-term policy.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: What is the amount that you have got from the Austrian Government? (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): Please do not talk to him. (*Interruptions*) Mr. Reddy, you look to this side. (*Interruptions*) Let him speak.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, Andhra Pradesh has proved to be a model State. The Common Minimum Programme is committed to provide irrigation to one crore acres of land. The State of Andhra Pradesh has a very, very ambitious programme to provide irrigation facility in 65 lakh acres of land. It is possible and it will be done. No force will be allowed to stop it. God is there to see to it that it is done. (*Interruptions*) Money will come. There are ways. The World Bank is ready; ADB is ready; LIC is ready; GIC is ready; Commercial Banks are ready; the Austrian Government is ready. Everybody is ready. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): Will you please keep quiet? Let him speak.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: He is referring to me?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): He is talking to you because you stand up. Don't stand up. Please sit down.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, I request my dear friend, the dynamic...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): You have only two minutes. If you talk to him, you will lose your time.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, what we have to do now is that we have to eradicate red-tapism. I will give you a small example. There are so many projects in Andhra Pradesh. You have the Bhupathiparlem Project; the report was sent to the Ministry of Tribal Affairs for clearance. It is pending. Again, in regard to the Gundlakamma Project, the rehabilitation and resettlement proposal was sent to the Ministry of Tribal Affairs. Similarly, in the case of the Lendi Project, an Inter-State Project between Government of Maharashtra and Andhra Pradesh, as per information available, the DPR was submitted to CWC in 2001. Today, we are in 2005. Nothing has happened. Then, in the case of Modikuntavagu project, the DPR was sent to CWC in 2004. It is pending for CWC clearance. In the case of Pulichintala Project, the local office of Archaeological Survey of India has completed the inspection of temples and submitted the report to the DG, ASI, New Delhi on 10.2.05. The NoC is awaited. (*Time Bell*) I am concluding, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): What do you want?

DR. T. SUBBARAMI REDDY: I want to speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): How much more time will you take?

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, Keshubhai Patelji spoke for one hour. I will speak for at least twenty minutes. From the BJP side, he spoke for one hour.

Sir, the hon. Member from the BJP spoke for one hour. I would be allowed to speak, at least, for half-an-hour.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): Mr. Reddy, you must understand that there is no comparison between how much he spoke and how much you are going to speak. (*Interruptions*) Listen to me. From their side, there was one speaker. But, from you side, there are four speakers. So, you cannot have all the time. (*Interruptions*) If you want to have it, I have no problem; the other speakers from your party will lose it.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, as I am speaking on a very important subject, I am speaking on behalf of you and everybody. Another important thing is, I am happy to state that the study of the feasibility of the waterways India and Nepal have started. The joint review of the Sapta Koshi and Sun

Koshi multi-purpose projects which has been accepted by New Delhi is likely to be considered by the Indian Government. I would like to know from the hon. Minsiter by which time you are going to do it. I would also like to know from the hon. Minister about the outcome of the Indo-Nepal waterways feasibility study undertaken and by what time it will be finally agreed? I would also like to know whether the Planning Commission and the Water Resources Ministry have urged the Centre to fully fund select major irrigation projects to ensure speedier completion. Sir, actually, here, I would like to say that the Centre must come forward, select some big irrigation projects at national level and complete them. But, till today, nothing is happening in this regard. In fact, the Ministry of Water Resources should be strengthened. The Finance Ministry must allocate more money to the Ministry of Water Resoruces for completion of these projects. Actually, as on today, the Central Government is spending its time in giving clearance to various projects and in solving inter-State water disputes. The major irrigation projects are not getting much attention of the Central Government.

Sir, I would like to know from the hon. Minister whether it has been recommended by the Planning Commission in the mid-term appraisal, which is under preparation, to the Water Resources Ministry to fully fund select major irrigation projects to ensure their speedier completion; if so, whether there are about 160 major irrigation projects, which include construction of dams and reservoirs under implementation, etc; if so, whether these projects include projects that were started prior to the Fifth Plan period. I would also like to know from the hon. Minister whether the Ministry is of the view that about 15 large projects which could benefit about one lakh hectare or more than one State should be fully funded by the Centre. In this connection, actually, I have been requesting the hon. Prime Minister, the Finance Minister and, of course, through you, the hon. Water Resources Minister that they must take up one major project in each State. Then, they must provide funds for these projects. Funds can be arranged from bodies like the World Bank, ADB and various other financial institutions. All the parties are going to support it. There would not be any difference on this issue.

Sir, the State Governments are making efforts to complete these projects. Apart from the financial constraint, the major problem which is affecting these projects is red-tapism in clearing these projects. A lot of time is taken in clearing these projects. There are inter-State water disputes

between various States. I request the hon. Minsiter to solve these problems quickly. For example, there are disputes like the Cauvery water dispute between Karnataka and Tamil Nadu and the Krishna water dispute between Andhra Pradesh and Karnataka. Similarly, in the North India there are various water disptues. There are disptues about various rivers including the river Brahmaputra. These water disptues have been dragging on for decades. The time has come to solve these disputes. There should be one-to-one discussion between the disputing States to solve these disputes quickly. They must solve these problems in a conscientious way and in a judicious way. It should be done in the interest of the people of India.

Sir, in conclusion, I would like to say this. A day is going to come when even though you will be able to conquer the hunger of the people in India, shortage of water is going to be a serious problem. It is going to create social and political problems for our country. I find that still we are not giving much importance to it. They are talking about the National Water Development Agency, Task Force and so many other things. The moment it is said that they require a lot of investment, they are afraid of it. Now, the time has to come to overcome all these problems. If a system is built up, we will be able to raise money for it. The Government must commit itself to inter-linking of rivers. It is not possible to inter-link 20 or 30 rivers in one go. Take two rivers for inter-linking immediately.

Take up a leading example. Take up a project at the Central level, concentrate on that and provide funds to it from various sources and make it an example. Whenever any State is serious to take up projects, if they send proposals for environmental clearance, forest clearance, tribal clearance, design clearance, there should be a time-limit and see to it that the Ministry of Water Resoruces has full powers. It must see to it that it pulls up the colleague Ministries also and see to it that clearances are given well in time.

Lastly, the UPA Government is totally committed to give a top priority to the water system. They are going to have a national policy on water distribution. Our hon. Prime Minister is planning to have a conference of Chief Ministers, very shortly, in Delhi and discuss for adiscussion with them. Before that, I was told, our Minister has been requested to have a one-to-one discussion with the Chief Minsiters to understand their problems. And afterwards, there will be the Chief Ministers' conference. I am very

happy that this time a very good subject has been taken up for discussion here.

I call upon all he political parties to be together and make लोकोत्तर संघटन a prosperous one. Let us make this nation as a matchless, spectacular and unparalieled one in the world Without agriculture and using irrigation potentiality, thereby farmers' happiness, you can't think of prosperity of this nation.

Therefore, I call upon our Government to see to it that top priority is given to water management. I once again compliment, personally, the Andhra Pradesh Government on their move and it should be followed by other States too. If every State follows that system—having an ambitious proposal of giving water for lakhs of acres in five years—the nation is going to be much more prosperous. Thank you all.

श्रीमती चन्द्रकला पांडे (पश्चिमी बंगाल): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हम एक अत्यंत महत्वपूर्ण मिनिस्ट्री के कार्यकरण पर चर्चा करने के लिए यहां उपस्थित हुए हैं और मुझे बहुत खुशी है कि जल संसाधन से जुड़े हुए जो दो विशिष्ट मंत्रालय हैं, जिन दोनों के कोऑर्डिनेशन और सहयोग से ही इस समस्या से हमें मुक्ति मिल सकेगी, इन दोनों मंत्रालयों के मंत्री महोदय यहां उपस्थित हैं। इस चर्चा से पहले यहां एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट दी गई थी और मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि संसद की एथिक्स का यह बहुत अच्छा उदाहरण है कि यहां दोनों मंत्रालयों के मंत्री उपस्थित हैं।

महोदय, मैं यू॰ पी॰ ए॰ सरकार के सत्ता में आने के बाद, जो उन्होंने अपनी प्राइयॉरिटीज़ निर्धारित की हैं, उसके एक नोट पर नज़र डाल रही थी, तो मैंने देखा कि जल संसाधन से जुड़ी हुई जिन प्राइयॉरिटीज़ को, जिन प्राथमिकताओं को सामने रखा गया है, उनको मैं क्वोट करना चाहूंगी, वे हैं— Task Force Report; recommendation and action taken thereon; AIBP position; allocation for AIBP in this year's Budget; command area development programme; river linking programme; inter-State water dispute; river erosion; coastal erosion management; and, water bodies restoration. ये जो समस्याएं आम तौर पर आती रही हैं, सबको अपनी प्राथमिकता में सरकार ने लिया है, उसके लिए मैं उनकी प्रशंसा करना चाहूंगी। माननीय मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह जी यहा हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश की एक कहावत से मैं अपनी बात शुरु करना चाहूंगी। वहां एक जनकवि हैं "भाग", जिन्होंने अपनी कहावतों में जीवन को उकेरने की चेष्टा की है। एक कहावत हैं—"उत्तम खेती मध्यम बान, निखत चाकरी भीख निदान" अर्थात् उत्तम व्यवसाय है खेती, ऐसे ही मध्यम है वाणिज्य, निषिद्ध है

नौकरी और मजबूरी है भीख मांगना। जल की कमी और जल के अधिक्य से हमारे देश का किसान अपने इस उत्तम पेशे को छोड़कर मजबूरी के पेशे, भीख मांगने के पेशे पर आ जाता है और भुखमरी का शिकार होता है। इसलिए जल को बचाना, जल का संरक्षण, जल का सदुपयोग जीवन के लिए बहुत जरूरी हो जाता है।

माननीय केशुभाई जी ने अपने मूल्यवान वक्तव्य में, भाषण में कहा कि जल को लेकर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए, लेकिन कभी-कभी ऐसा मौका आता है कि जब एक प्रदेश के लोग बाढ़ से पीड़ित होकर त्राहि-त्राहि कर रहे होते हैं, तो एक राजनीतिक दल फब्तियां कसता है कि यह मैन-मेड फ्लड है। तब ऐसे लोगों को क्या जवाब देना चाहिए, यह प्रश्न बार-बार हमारे मन में उठता है।

सचमुच जल को लेकर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जल जिंदगी है और जल को बचाकर ही हम अपने देश के लोगों के जीवन को बचा सकते हैं, भविष्य को बचा सकते हैं। हमारे पुराने शास्त्रों से लेकर आज तक, यह बात हर जगह कही गई है, जल जीवन है, जल जीवन का पर्याय है, जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। जल मनुष्य के लिए प्रकृति का सबसे बड़ा वरदान है। दुनिया की सभ्यताएं, नगर, गांव, कस्बे, नदियों के किनारे बसे, नदियों के प्रेम से पाले गए और नदियों के प्रकोप से उजड़े भी। अगर हम भारतीय सभ्यता के प्रस्फुटन पर ध्यान दें तो हम देखेंगे कि इस महाद्वीप की नदियों के आस-पास के मैदानों, खासतौर से उत्तर में गंगा सिंधु और ब्रह्मपुत्र तथा दक्षिण में महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी के मैदानों में विकसित होने वाली उच्चकोटि की खेती के कारण ही सभ्यता विकसित हुई। किन्तु आज सारी दुनिया में पानी की बढ़ती मांग और बढ़ते दोहन ने दुनिया की कुछ प्रमुख नदियों के लिए खतरा पैदा कर दिया है। अन्तर्राष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान के प्रमुख फ्रैंक रिज-बर्मन ने सन् 2001 में ही स्टॉकहोम में जो विश्व सम्मेलन हुआ, उसमें सूचना दी कि सन् 2025 में दुनिया की एक तिहाई आबादी को पानी की भयंकर परेशानी से जूझना पड़ेगा। एक तरफ जनसंख्या बढ़ रही है, पानी का उपयोग भी बढ़ रहा है, दूसरी तरफ ग्लेशियर सिकुड़ रहे हैं और बहुत सारी ऐसी नदियां हैं, जिनमें साल भर जल रहता है, जिन्हें सदानीरा नदियां कहते हैं, आज दूषित जल के नालों जैसी हो गई हैं। इस संदर्भ में पानी की किल्लत बढ़ने और अलग-अलग देशों के टकराव की स्थितियां बनने की आशंका भी गलत नहीं लगती। इस बढ़ते जल संकट के परिप्रेक्ष्य में अलग-अलग देशों के मंत्रालयों में, जल संसाधन मंत्रालय अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और उसकी भूमिका भी बड़ी अहम हो गई है। भारत सरकार का जल संसाधन मंत्रालय देश के जल संसाधनों के विकास और विनियमन के लिए नीतिगत दिशा-निर्देशों और कार्यक्रमों को तैयार करने के लिए उत्तरदायी है। इसके अनेक कार्य हैं, जिनमें मुख्य है, राष्ट्रीय संसाधन के रूप में जल का विकास, संरक्षण और प्रबंधन, सिंचाई नीति गठन, भूजल संसाधनों का

4-00 P.M.

संरक्षण, सूखा रोधन, बाढ़ नियंत्रण बांध सुरक्षा, जल जमाव और जल कटाव की समस्याओं का निराकरण। ऐसे ही अन्तर्राज्यीय नदियों और नदी घाटियों का विनियमन और विकास है। ऐसे बहुत सारे कार्यक्रम हैं और करीब 17 संगठन हैं, जो जल संसाधन मंत्रालय को मदद देने वाले हैं, अनेक योजनाएं हैं कागजों पर बहुत कुछ है। इतना कुछ है, फिर भी यदि मैं कबीर का याद करूं तो मैं कहना चाहूंगी कि 'जल बीच मीन प्यासी, मोहे सुन आवत हांसी।' इतना जल है, बहुत कुछ है, लेकिन उसके बाद भी देश में कभी जल की समस्या है और कभी जल का अभाव है। इस मंत्रालय ने पहली बार राष्ट्रीय जल नीति सन् 1987 में अपनाई थी और इसको 1 अप्रैल, 2002 को संशोधित किया गया तथा नई राष्ट्रीय जल नीति घोषित की गई। हमने 2003 को स्वच्छ जल के [illegible] में मना लिया है, लेकिन आज भी हमारी जनता कहीं बाढ़ में डूब रही है, कहीं सूखे में जल रही है, कहीं नदी तट क्षरण से, गांव के गांव नदी के गर्भ में विलीन होते जा रहे हैं, तो कहीं अन्य देशों से आई मेहमान नदियां, जल का जलजला-उपहार लेकर आती हैं और अपार धन, जन की हानि को निमंत्रण दे जाती हैं। कहीं पर लोग आर्सेनिक प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं तो कहीं अंतर्राज्यीय जल विवाद के चलते, जो हर रोज जल की जरूरत है, वह भी पूरी नहीं हो पाती। आखिर क्या सबब है कि योजनाएं पूरी नहीं हो पा रही हैं। उनके लिए किसी को जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया जाता? मैं गत वर्ष की संसदीय समिति की सिफारिशों पर नजर डाल रही थी। मैं उसी को उद्धृत करना चाहूंगी, 'समिति यह नोट करके खेद प्रकट करती है कि दसवीं योजना के लिए जल संसाधन मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित 6651.41 करोड़ रुपए के परिव्यय के स्थान पर, योजना आयोग ने केवल 3600 करोड़ रुपए परिव्यय की स्वीकृति दी, जो कि प्रस्तावित परिव्यय का लगभग 60 परसेंट बैठता है।' इस बार की रिपोर्ट जो आज ही संसद के पटल पर रखी गई है, उसमें भी इसी तरह की बात है, मंत्रालय जो बजट देता है, उस पूरे बजट को फाइनेंश कमीशन, योजना आयोग स्वीकृति नहीं देता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, भारत को बचाने का अर्थ है अपनी नदियों, झीलों, तालाबों, जोहड़ों, पोखरों, नहरों, कुओं, बंबों, चश्मों, झरनों और बरसाती नदी, नालों, बावड़ियों को बचाना, क्योंकि भारतीयता को जीवित रखने का आधार ये ही हैं। मैं कहना चाहूंगी कि जैसे बोतलबंद पानी को खाद्य पदार्थ मानकर उसके मानक तय किए गए हैं, वैसे ही सामान्य पानी को स्वास्थ्यप्रद बनाने के भी मानक तय किए जाएं। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी झोपड़-पट्टियों तक शुद्ध पेय जल को सुरक्षित किया जाए, पर इसकी आड़ लेकर पानी के व्यापारीकरण का निजी बाजार न खोला जाए। अभी साल भर पहले बस्तर की जगदीश नदी के पानी का जब निजीकरण किया गया तब जबर्दस्त हंगामा हुआ। इससे पहले भी जल स्रोतों पर निजी अधिकार के मामले आते रहे हैं। गंगोत्री और गोमुख के पानी पर निजी कंपनी के अधिकार का मामला भी सामने आया था। मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगी कि इस तरह जल को प्रोडक्ट न बनाया जाए। मैं थोड़ा-सा पूर्व की सरकार के

कार्यक्रम पर भी कुछ कहना चाहूंगी। एन॰डी॰ए॰ सरकार के दिमाग में बहुत सारे फितूर थे, जिनमें से एक था नदियों को जोड़ना। एक ओर तो उस समय बजट में कटौती की गई थी, दूसरी ओर 60 करोड़, 56 लाख की लागत वाली यह योजना डंके की चोट पर प्रस्तावित की थी। नदी जोड़ की यह भयानक पहल किस प्रकार देश के वातावरण को बदल देती और किस तरह इकोलॉजिकल बैलेंस को बिगाड़ देती, यह बिना समझे प्रयोग किया गया था। पूर्व मंत्री ने भावुक बयान देकर छद्म राष्ट्रीयता का जाल भी बिछा दिया था। यह सिर्फ पानी की कमी को दूर करने की योजना नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय नव निर्माण का कार्यक्रम है, यह कहते हुए उन्होंने यह कहा था कि यह देश की तसवीर और तकदीर को भी बदल देगी, लेकिन बिना किसी प्रकार का सर्वेक्षण कराए सरकार ने यह जो कल्पना की थी, वह देश के लिए बड़ी ही समस्यामूलक होती। मैं माननीय जल संसाधन मंत्री जी से....(व्यवधान)...

श्री एकनाथ के॰ ठाकुर: जो सदन में नहीं हैं, उन पर आरोप नहीं करना चाहिए।

